(श्री) मयूर चित्रम् - with commentary in old Hindi by केशव प्रसाद द्विवेदी - A work of astronomical forecasting on Weather and Socio-economic events - (a) very brittle condition, so that the total pages are tissued, careful handling is needed. 5/e, Agra, 1883.

1248

[redacted]

30

204

Bill No. 3/07-08

58

2008 - 2009

श्रीगणेशायनमः

श्लोक॥उदयास्तमनंकेनोगणितंनप्रकाशयन्

इह्लोचने कं...

श्री

मयूरचित्रम

आगरा कालेज़ के हैड संस्कृत पंडित केशव

प्रसाद द्विवेदी ने आगरा बेलन गंज में वारह

गोदामों में से निज गोदा

...मकेमध्य

विद्यारत्नाकर नाम निज यंत्रालय मे मुद्रि

त किया

...ऐक्ट २५ के अनुसार सन् १८६८ में रजिष्टरीहुई

पांचवी वार } सन्१८८३
१००० पुस्तक } ईसवी

Fifth edition }
1000 copies }

सूचना

प्रगट होय कि यह ग्रंथ बहुत अच्छा है इस में नारद मुनिने बा
रहो महीने के फल ऐसे कहे हैं कि जिन से प्रत्येक वस्तु के स
स्ते और महंगे होने तथा वर्षा आदि का सब वृत्तान्त जाना ज
ता है जिस से सहजही में मनुष्य सम्बत् सर का सब हाल क
ह सके इसलिये मैंने इस के टीका बनाने और छापने का उद्यो
ग कर कई पुस्तकें मंग वाई परन्तु सब बहुत अशुद्ध पाईं इ
सलिये इसके सुधारने और टीका बनाने में बहुत परिश्रम हु
आ और रजिस्टरी भी कर वाई गई है इस से सब लोगों को
उचित है कि टीका बनाने वाले की आज्ञा बिना इस ग्रंथ को न
छापे ॥

पण्डित केशवप्रसाद शर्म्मा द्विवेदी

श्रीगणेशायनमः

श्लोक ॥ उदयास्त मनं केतोर्गणितेन प्रकाश्यते
इहोच्यते फलं तस्य भेदाश्च मुनि भाषिताः

टी० ॥ केतु का उदय अस्त गणित से प्रकाशित होता है इस ग्रंथ में केतु का फल कहा जाता है और केतु के जो भेद मुनियों ने कहे हैं वे भी कहे जाते हैं ॥१॥

येस्युः खदिव्य भौमाश्च उत्पातास्त्रिविधाश्च ते
एकोत्तर शतं प्रोक्ताः सहस्र मिति चापरे ॥२॥
एकोपि बहुधा भाति प्राहै तन्नारदो मुनिः ॥
वक्ष्यामि च फलं तेषां यदुक्तं मुनि पुङ्गवैः ३।

टी० ॥ उत्पात तीन प्रकार के हैं अन्तरिक्ष दिव्य और भौम इन तीनों के भेद एक सौ एक हैं ॥२॥ और दूसरे आचार्यों ने सहस्र भेद कहे हैं नारद मुनि कहते हैं कि एक भी अनेक प्रकार का होता है उन्हों के जो फल मुनियों ने कहे हैं तिन को कहते हैं ॥३॥

यावन्त्य हानि दृश्यते तावन्मासैः फलं भवेत्
मासे मासे च विज्ञेय मित्यूचुर्मुनयो परे ॥ ४

टी० ॥ जितने दिन तक केतु दीखे उतने महीने तक केतु का फल जानना चाहिये अन्य मुनि कहते हैं महीने महीने में फल जानना अर्थात् जिस महीने में उदय होय तो उसी में उसका फल जानिये ॥४॥

सुस्निग्धो रुचिरः सूक्ष्मश्चर्जुः शुक्लः शुभप्रदः
विपरीतो शुभः केतुस्त्रिशिखेन्द्र धनु प्रभः ५

टी० ॥ चिकना मनोहर देखा सदृश सीधा श्वेत वर्ण ऐसा केतु शुभकारी है इस से विपरीति अशुभ है और त्रिशूल के आकार तथा धनुष सदृश अशुभ है ॥

मुक्ताकनकशंकाशाः पंच विंशति संख्यकाः
प्राक्‌परस्यान्दृते दृष्टाः सूर्यपुत्रा भयप्रदाः ६

टी०॥ मोती और सुवर्ण की सी जिन की कान्ति है वे पच्चीस तारे चोटी वाले सूर्य के पुत्र हैं वे पूर्व में तथा पश्चिम में दीखें तो भयकारी जानना॥ ६॥

वह्नि वर्णाग्निसंकाशाः पंच विंशति संख्यकाः
आग्नेय्यां दिशि संदृष्टा वान्हिपुत्रा भयप्रदाः ७

टी०॥ जिन की कान्ति अग्नि कीसी है और अनेक रङ्ग वाले अग्नि कोण में जो दीखें तो भयकारी हैं॥ ७॥

याम्यां ऽऽशा संस्थिताः रूक्षाश्च रूक्षा वक्रशिखास्तथा तावतो वै मृत्युसुताः प्रजा क्षय कराः स्मृताः ८

टी०॥ और जो तारे श्याम वर्ण हैं टेढ़ी शिखा वाले हैं वे पच्चीस २५ तारे यम के पुत्र हैं और दक्षिण दिशा में दीखें तो प्रजा के क्षय कारी हैं॥ ८॥

कुल्ला काराश्च विशिखा जल तैल सम प्रभाः
द्वाविंशद्भूमितनया दुर्भिक्षायैशादिग्गताः ९

टी०॥ जिन की जल में डाले हुए तेल की सी कान्ति है और गोल हैं वे तारे बाईस पृथ्वी के पुत्र हैं ईशान में दीखें तो दुर्भिक्ष कारी हैं॥ ९॥

हिमरश्मि हरिरूपा भास्वन्तश्चन्द्रसुताः स्मृताः
उत्तरे स्यां गता दृष्टास्तदा शुभ फल प्रदाः १०॥

टी०॥ चन्द्रमा की सी तथा सुवर्ण की सी जिन की कान्ति है ऐसे तीन तारे चन्द्रमा के पुत्र हैं उत्तर दिशा में दीखें तो शुभफल के दाता हैं॥ क्रूरास्त्रिवर्णास्त्रिशिखः क्रूरो ब्रह्म सुतः स्मृतः
सर्वाशासु संदृष्टो ब्रह्मदण्डः स्यात्‌ कृतः ११।

टी०॥ जिसके तीन रङ्ग हैं तीन ही शिखा हैं ऐसा एकतारा ब्रह्मा का पुत्र है यह कोई सी दिशा में दीखा हुआ पंचम दण्ड से क्षय कारी जानना॥ २१॥

विसर्पाख्याः शुक्लासुताः सुस्निग्धाः श्वेततारकाः
चतुराशीति संख्याकाः पुरो दृष्टाः भयप्रदाः२२

टी०॥ जो चिकने और श्वेत वर्ण हैं वे विसर्प नाम के चोटी वाले चौरासी तारे शुक्र के पुत्र हैं पूर्व में दीखे तो भयकारी है॥२२॥

सुस्निग्धाद्विशिखाश्चैव षष्टिश्च कनकाह्वयाः
शनैश्चरसुता घोराः केतवः श्वेततारकाः२३

टी०॥ बहुत चिकने दो चोटी वाले साठ केतु के तारे कनक नामे के शनिश्चर के पुत्र हैं श्वेत वर्ण दीखे हुए घोर हैं॥२३॥

एकतारा महास्वल्पा श्वेततारा महाप्रभा॥
द्विशाखाश्च गुरोः पुत्राः प्रायशो दक्षिणाश्रयाः
नामतो धिकचा घोराः षष्टिः पंचाधिकाः स्मृताः

धिकच नाम के पैंसठ ६५ तारे और चोटी वाले बृहस्प हैं उन्हों में एकतारा छोटा है बांकी बड़े हैं और स्वेत ण में देखे हुए भयकारी है॥ २४॥

सौम्य पुत्रास्तारकाख्याः सर्व दिक्प्रभवाश्चते
नातिव्यक्ताश्च रूक्षाश्च श्वेतरूपा भयावहाः
एकाधिकाश्च पंचाशत्केतवः परिकीर्तिताः

टी०॥ मंद प्रकाश रूखे श्वेत वर्ण तारे के नाम इक्यावन ५१ ता बुध के पुत्र हैं दक्षिण में दीखे तो भयकारी जानिये॥२५॥

षष्टिः कुजात्मजा रक्ताः कौंकुमाः सौम्यादिग्गताः
त्रिशिखाश्च चिताराश्च महापापफलप्रदाः२६

टी०॥ तीन शिखा वाले रक्त वर्ण तथा केसरि के रंग वाले

६० तारे मंगल के पुत्र हैं और एक एक तारे के तीन तीन देखने है
वे उत्तर दिशामें देखे हुए बहुत बुरे फल के देने वाले हैं॥१६॥

राहु पुत्रा स्त्रय स्त्रिंशं तख्याता स्तमसकीलकाः
चन्द्रार्क मण्डल स्थांस्ते लोकानां कष्ट दायकाः

टी०॥ तमस कीलक नाम के तेतीस ३३ तारे राहु के पुत्र हैं चंद्र मंडलमें और सूर्य मंडल में रहते हैं ये दीखे हुए लोक को कष्ट देने वाले हैं॥१७॥

नाना वर्णाग्नि पुत्राश्च किरन्तोऽग्निं द्विचूडिनः
विंशोत्तरशतं विश्व रूपा वन्हि भयप्रदाः १८

टी०॥ एक सौ बीस तारे विश्व रूप नाम के अग्नि के पुत्र हैं जि न के दो दो चोटी और अनेक रंग हैं और अग्नि को वर्षाने वाले हैं दीखे हुए भय कारी हैं॥१८॥

अरुणाख्या वायु पुत्राः वर्णतश्श्यामलोहिताः
दिताराश्च मरुअरब्या भयदाः सप्तसप्ततिः

टी०॥ सतहत्तर ७७ तारे अरुण नाम के वायु के पु
के आकार और लाल काला जिन को रंग है देखे हु
वाले हैं॥१६॥

प्रजा पति सुता श्चाष्टौ तारा मंडल वर्तिन्
तारा पुञ्ज प्रतीकाशा गणकाभय दायि

टी०॥ तारा मंडल में रहने वाले और ताराओं के गुच्छा के
गणक नाम के आठ तारे प्रजा पति के पुत्र भय दायक है॥२०॥

द्विशतैचैवचत्वारः साशिखाः श्वेत रश्मयः
चतुरस्त्रा ब्रह्म पुत्रा महा भय करा मताः २१

टी०॥ दो सौ चार २०४ तारे चौकोर और चोटी वाले स्वेतजिन की किरण हे ब्रह्मा के पुत्र हैं महा भय को करने वाले हैं॥२१॥

वंशगुल्म समाप्रोक्ताः द्वाविंश दरुणात्मजाः
शशि प्रभाश्च का काख्याः केतवः कष्टदामताः
टी०॥ वांसो के गुच्छा समान वाईस २२ तारे काक नाम के वरु
णा के पुत्र हैं चन्द्रमा कीसी जिन की कांति दीखे हुए कष्ट कारी हैं
काल्ल पुत्राः कवंधाख्याः कवंध सदृशारुणाः
षणवतिश्च भयदा हिम रश्मि सम प्रभाः २३
टी०॥ छयानवे तारे कवंधनाम के विना सिर के नर के आकार हो
ते हैं रंग लाल श्वेत ता चंद्रमा कीसी जिन की होनी है वे काल के
पुत्र हैं भय के देने वाले हैं॥२३॥
विदिक् पुत्रास्त्वेक तारा विदि क्षुच्च समाश्रिताः
नव संख्या श्च विपुला महा भय निवेदना २४
टी०॥ नौ तारे बड़े बड़े होते हैं वे विदिशा के पुत्र हैं और विदि
शाओं में रहते हैं महा भय के करने वाले हैं॥२४॥
उत्तरस्यां महा स्थूलो निर्म्मल श्चा परोदयी
दृष्टः करोति मरणं पश्चा दन्न समृद्धि कृत २५
उत्तर दिशा में बड़ा मोटा एक तारा है निर्मल कांति दीख
के में मृत्यु करने वाला है और पीछे अन्न का बढ़ाने-
है॥२५॥
अस्थि केतुः श्वेत चिन्हः कर्कशः क्षुद्भयावहः
दृष्टः प्राच्यां च शस्त्रा ख्य स्ता द्दक स्निग्ध श्च पापदः
टी० ॥ पूर्व दिशा में एक तारा श्वेत वर्ण चोटी वाला कठोर हो
य तो क्षुधा के भय का करने वाला है जो वही चिकना होय तो
पाप कराने वाला है॥२७॥
कपालाख्यो धूम्र शिखो दृष्टः सर्वजलापहः॥
प्राग्व्यो मार्द्ध विहारीस्या त्तथा क्षुन्मृत्यु कारकः

टी० ॥ धुआंके समान जिस की चोटी ऐसा कपाल नाम एक ता
रा पूर्व दिशा में आधे आकाश तक फैला हुआ होता है ऐ
सा हुआ जल का नाश कारी और दुर्भिक्ष तथा महा भारी का
का करने वाला है ॥२८॥

मार्गशिर मार्गः स्थूला ग्रो दृष्टस्यादरुणाप्रभः
व्योम त्रिभाग गामी चैरोद्रः क्षुद्भय कारकः २९

टी० ॥ पूर्व दिशा में और अग्नि कोण में फैला हुआ आगे से
मोटा एक तारा आकाश की तिहाई को रोके हुए और रला
लरंग भया नक होता है वह दुर्भिक्ष और भय का करने वा
ला है ॥२९॥

पश्चिमा शास्थितो यस्तच्छिखायाम्याग्रसंस्थिता
यथा यथोदयं गच्छेत्तथा दैर्घ्यं प्रयात्य सौ। ३०
संस्पृशन्वै मुनीन्सप्त ध्रुवंचाभिजितन्त था ॥
व्योमार्द्धमात्रं भित्वावै याम्येनास्तं प्रयाति
श्चाप्र यागा दवन्तीं च पुष्करारण्य मेवच
मध्य देश मुदग्भागं देविका ख्यंत थैवच
धवला ख्यो निहन्त्या शुकेतुर्दुः ख भयप्रदो
देशेष्वन्येषु दुर्भिक्षं दश मासावधि स्मृतं

टी०॥ एक तारा जैसे जैसे उदय होता आवे तैसे तैसे
चोटी बढ़ती जाती है सप्त ऋषि ध्रुव अभिजित यहां से
रा में चोटी जिसकी जाकर ठहरती है ऐसेही आधे आका
में फैल जाता है और दक्षिण की ओर छिपता है वह धवल ना
का तारा प्रयाग से लेकर पुष्कर ताईं उत्तर से ले के दक्षिण में
उज्जैन नगरी तक मध्य देशों को और देविका नदी के पास जो दे
श हैं उन को नाश करने वाला है दुःख और भय का करने वाला

और इन देशों से और जो देश हैं उन में दश महीने तक दुर्भिक्ष की करै है ॥ ३३ ॥

धूम्राकारा शिखा यस्य कृत्तिकायां समाश्रिताः
दृश्यते रश्मि केतुः स्या त्समा हानिशुभप्रदः ३४

टी० ॥ धुवां के रंग जिस की चोटी कृत्तिका नक्षत्र से लगी हुई होय सो रश्मि केतु नाम का तारा सात दिन तक दीखा हुआ सुभ कारी है ॥ ३४ ॥

त्रयो दश क्षेयाम्यादी दृश्ये धूमाह्वयश्शशी
महाभय करः सोको ज्येष्टा यां वा समाश्रितः ३५

टी० ॥ और जो रश्मि केतु नाम के तारे की शिखा हस्त नक्षत्र में तथा भरणी में वा ज्येष्ठा में लगी हुई होय तो यह तारा महा भय का कर ने वाला है ॥ ३५ ॥

सप्ताहाभ्याधिको दृष्टे दश वर्षाणि दुःखदः

टी० ॥ और रश्मि केतु नाम का तारा सात दिन से अधिक दिन दीखे तो दश वर्ष तक दुः ख का देने वाला है ॥ ३६ ॥

ग्रह पर्वत वृक्षेषु सेना गो पुष्करेषु च ॥ दिव्या ॥
न्तरिक्ष भौमा ख्यो धूम्र केतुः प्र दृश्यते ॥ या
दा तदा विना शाय प्राणिनां भवति ध्रुवम् ३७

टी० ॥ दिव्य अन्त रिक्ष भौम नाम धूम्र केतु का जो तारा है सो ग्रहों में तथा आकाश में और पृथ्वी पर और पर्वतों में वृक्षों में गो शाला में कमल की फुल वारी में जो इन में दीखे तो यह प्राणियों का नाश कर ने वाला है ॥ ३७ ॥

सकृद्या मैकदृष्ट प्रभ याया ख्यः त्सूक्ष्म तारकः
शिखा स्य सूक्ष्मा त्रजवीच पञ्च मासा न्सुभि
क्षकृत् ॥ ३८ ॥

टी०॥ एक तारा छोटा मणि नाम का है चोटी उस की पतली-और सीधी होती है एक वार एक पहर तक दीखा ऊग्या पांच ५ महीने तक सुभिक्ष का कर्त्ता है ॥ ३८॥

जल केतु र्महा स्निग्धा शिखा यस्या परोन्नता।
दृष्टः करोति शांतिंच नव मासा न्सुभिक्षकृत्॥३९

टी०॥ जल केतु नाम का तारा वड़ा चिकना होता है जिस्की शिखा पश्चिम को ऊंची होती है यह दीखा ऊग्या नौ मासतक सुभिक्ष का कर्ता है॥ ३९॥

भव केतोश्च सुस्निग्धा हरि पुच्छोपमा शिखा
सूक्ष्मैक तारा प्राग्दृष्टा लोकानां शुभदामता ४०

टी०॥ एक छोटे से तारे में घोड़े की पूंछ सरीखी चोटी निकली होय तो वह दीखा ऊग्या लों को को शुभ कर्ता है ४०

पद्म केतुर्मृणा लाभः पश्चिमा यां मदृश्यते।नि
शा मेकान्त दा सप्त वर्षाणिच सुभिक्षकृत् ४१

टी०॥ जिस तारे की चोटी पतली और श्वेत हो कमल की जड़ तंतु सरीखी सो तारा पद्म केतु नाम का है पश्चिम में एक-रात्रि दीखा ऊग्या सात वर्ष तक सुभिक्ष को करै है ॥४१॥

आवर्त्तकः सव्य शिखो निशार्द्धे संमदृश्यते।या
वन्मुहूर्त्तान् रक्ताभस्ताव न्मासान्सुभिक्षकृत् ४२

टी०॥ जिस तारे कें वांई ओर चोटी होय सो आवर्तक नाम का तारा है ये आधी रात के समय जितने मुहूर्त्त तक दीखे उतने ही महीने तक सुभिक्ष को करै है एक मुहूर्त्त दो घड़ी का-होता है॥ ४२॥

संध्या काले पश्चिमा यां शूला कारोरुणप्रभः
वियत्त्र्यंशं समाक्रम्य स्थितो यः संमदृश्य ते।

यावन्मुहूर्त्तौ स्त्ता वंति वर्षा एय शुभद: स्मृत:॥४३

टी॰ जो तारा रक्तवर्ण का आकाश के तीसरे भाग में फ़ैलता है और संध्या समय पश्चिम में मूल के आकार जितने मुहूर्त्त तक दीखे उतने ही वर्ष तक असुभ को करै है॥ ४३॥

यस्मिन् ऋक्षे स्थित: केतु राका शे संप्रदृश्यते
तादिग्व्यूह्वा न्समा हंति योत्र शोषोवदामितत्॥४४

टी॰॥ जिस नक्षत्र पर केतु आकाश में दीखे उस नक्षत्र की दिशा के देशों को नाश करै है कौन से नक्षत्र पर कौन से देश का नाश करै है॥ ४४॥

आश्विन्या मश्वकं हंति याम्ये केतु: किरातकान्।
वन्हौ कलिङ्गन्रपतीन् रोहिण्यां स्नरसेनकान
४५॥ औशीनरं म्रगे रौद्रे जलजीवाधिपे तथा।
आदित्ये प्रमकनाथंच पुष्ये च मगधाधिपम्॥४६
आशिकेशंच भोजङ्गे मघायां चङ्गनायकम्।
भगभे पौंड्रनाथंच आर्यम्णे चोज्जयिन्यकं॥४७।
कुरुक्षेत्राधिपं त्वाष्ट्रे हस्ते दण्डकनायकम्।
वाते कांवोज काश्मीरौ द्विदैवे कोशलाधिपं॥४८
मैत्रे पौंड्राधिनाथंच सार्वभौमं पुरन्दरे॥ मूले
भद्राधिनाथ ञ्च जलदैवेच काशिकम्।४९।
योधेयार्जुनचैद्यांश्च वैश्वदेवे शिवे तथा॥
वासवे पञ्चनदकं श्रवणे केकयाधिपम्।५०
वारुणे सिंहलपतिं पूर्वाभाद्रेच वङ्गपम्॥उ
हिर्बुध्न्ये नैमिषकं रेवत्यां केरलाधिपम्।५१।

टी॰॥ अश्विनी नक्षत्र पर केतु जो आकाश में होय तो अश्व का नाश करै है भरणी पर किरात देश का हानिकर कालि

* औसी नरदेश का पुनर्वसु में अश्मक देश के राजा का पुष्य पर *

ङ् देश के राजा का रोहिणी पर सूर सेन का मृगशिर आर्द्रा शतभिषा पर मगध देश के राजा का श्लेषा पर आशिष देश-के राजा का मघा नक्षत्र पर अङ्ग देश के राजा का पूर्वा फाल्गुनी पर पौंड्र देश के राजा का उत्तरा फाल्गुनी पर उज्जैन के राजा का हस्त नक्षत्र पर दण्डक देश के राजा का चित्रा पर कुरु क्षेत्र के राजा का स्वांति नक्षत्र पर कम्बोज देश का और काश्मीर का विशाखा नक्षत्र पर कोशला देश के राजा का अनुराधा पर पौंड्र देश के राजा का ज्येष्ठा पर सर्व देशोंके राजा का-मूल नक्षत्र पर भद्र देश के राजा का पूर्वा षाढ पर काशी के राजा का उत्तरा षाढ नक्षत्र पर तथा अभि जित् पर योध-देश अर्जुन देश चंदेली देश के राजा का श्रवण नक्षत्र पर केकय का देश धनिष्ठा नक्षत्र पर पंच नंद अर्थात् पंजाब देश के राजा का पूर्वा भाद्र पद पर वङ्ग देश के राजा का उत्तरा भाद्र पद नक्षत्र पर नैमिष का और रेवती नक्षत्र पर केरल देश के राजा का केतु नाश करै है॥ ५१॥

यास्यां दिश्युदयं याति केतुस्तामभियोजयेत्
यतो यतः शिखा याति राजा गच्छेत्तत स्ततः॥

टी०॥ जिस दिशा में केतु उदय होता है उस दिशा के नाश-को करै है और चोटी केतु की जिस दिशा में फैलै है वहां हीके राजा का नाश करै है॥ ५२॥

पञ्चोत्तर शतं त्वे के केतूनां प्रवदन्तिच॥ ५३॥

टी०॥ और आचार्य कहते हैं कि केतु १०५ एकसौ पांच हैं वे कौन से हैं सो कहते हैं॥ ५३॥

चतुर्द्दश रवेः पुत्रा वरुणस्य दशैवतु। अग्नि
पुत्राश्चतुस्त्रिं शद्य मस्य नव कीर्त्तिताः॥ ५४॥

अष्ट दश कुवेर स्य वायोर्विंशति रीरिताः ५५॥

टी० ॥ चौदह १४ केतु सूर्य के पुत्र दश १० वरूण के पुत्र चौंतीस ३४ अग्नि के पुत्र ९ यम के पुत्र अठारह १८ कुवेर के पुत्र वीस २० वायु के पुत्र ऐसे ही १०५ केतु हैं ॥ ५५॥

आश्विने कार्तिके सूर्य्य पुत्राणा मुदयं यदि॥
मेघा जलन्न मुञ्चन्ति दुर्भिक्षंच नदा दिशेत्
५६॥चतुष्पदा विनश्यंति राजानः कलहप्रियाः॥५७

टी० ॥ कुआर और कार्तिक में चौदह १४ केतु सूर्य के पुत्र जो उदय हुए दीखें तो वर्षा नहीं होय और दुर्भिक्ष पड़े और चौपायों का नाश होय राजाओं का कलह होय ॥ ५७॥

वारुणा उदयं यान्ति श्रावणेच्चनभस्यके
स्यात्पृथ्वी जलशस्याढ्या लोका आनंदसं
॥ युताः ५८॥

टी० श्रावण भादों में दश १० वरूण के पुत्र जो उदय होंय तो वर्षा बहुत होय तृण होय लोक में आनंद होय॥ ५८॥

मार्गे मासि तथा पौषे दृश्यन्ते वह्निपुत्रकाः अ
ग्नि चौरभयन्तत्र प्रजा नाशं प्रया तिच ॥५९॥
पृथिवी भय संयुक्ता प्राणिनां व्याधिमादिशेत्।

टी०॥ अगहन तथा पौष में चौंतीस ३४ अग्नि के पुत्र उदय होंय तो अग्नि और चोर से भय होय प्रजा का नाश होय पृथिवी पर भय होय और जीवों को रोग होय॥ ६०

यम जाश्चो दयं यान्ति माघ फाल्गुणयोः कि
लं पृथ्वीभय संयुक्ता दुर्भिक्षंच समादिशेत् ६१

टी०॥ महा तथा फाल्गुन में नौ ९ यम के उदय होंय तो पृथ्वी पर भय होय और दुर्भिक्ष पड़े॥ ६१॥

चैत्र माधव मासेतु कुवेरस्यात्मजः किल ॥ या
त्युद्गमं तदा मेघा बहु वारि प्रदा मताः। धन
धान्य युता पृथ्वी प्रजा आनंद संयुता ॥६२॥

टी०॥ चैत तथा वैशाख में अठारह कुवेर के पुत्र जो उदय होंय
तो वर्षा बहुत होय अन्न धन की वृद्धि होय प्रजा में सुःख होय

वायु पुत्राः प्रदृश्यन्ते ज्येष्ठ मासे सुचौ तथा। उ
द्धता यांति वाता वै दिशाश्च रज सा वृताः॥ ६३॥
पतन्ति गिरि शृङ्गाणि निपतन्ति मही रुहाः।
चौराग्नि जनिता पीड़ा राजानः कलह प्रियाः ६४
इति श्री मयूर चित्रे केतु चारो नाम॥

प्रथमोऽध्यायः १

टी०॥ ज्येठ तथा असाढ़ में बीस २० वायु के पुत्र जो उदय हों-
य तो प्रचंड पवन चले दिशा धूल से ढक जाय पर्वतों के शिखर-
गिरैं वृक्ष उखड़ जांय चोरों से अग्नि से पीड़ा होय और राजा-
ओं में कलह होय॥ इति श्री मयूर चित्र की भाषा टीका पहला
अध्याय समाप्त॥१॥

अथ ग्रहाणां योग फल माह॥

रौद्र नक्षत्र गावेतो यदि सूर्य्य महीसुतौ। मा
सं महर्घतां यांति धान्या निस्वच्छता पुनः १

टी०॥ अब ग्रहों के योगों के फल कहते हैं आर्द्रा नक्षत्र पर
जो सूर्य्य और मंगल होंय तो एक महीने तक अन्न महगा र
है पीछे अच्छा भाव होय॥१॥

भातु केतूच भरणीं मृगं वा यदि चास्थितौ
लवणं महर्घतां याति सिंधु देशोद्भवं विदम् २

टी० भरणी तथा मृग सिर के जो सूर्य केतु दोनों होंय तौ सिं

धु देश का नोन और बिड़ नोंन महंगा होय॥२॥

बुध शुक्र मही पुत्रा भुजङ्गर्क्षे समाश्रिताः॥
नन्दन्ति लोकाः सुखिनः सुभिक्षं जनयंतिच

टी०॥ श्लेषा पर जो बुध शुक्र तथा मंगल होंय तो लोक में-
आनंद होय और अच्छा संवत् होय॥३॥

स्वाति यांति यदा भौमो रेवतीयादि भास्करः
चलचिन्ना महीपालाः प्रजा नाशं प्रयातिच४

टी०॥ स्वाति पर मंगल होय और रेवती पर सूर्य होय तो
राजा लोग चंचल होवें और प्रजा का नास होय॥४॥

अनुराधाङ्गनः शौरिर्ज्येष्टा यांच वृहस्पतिः
पश्चिमा यां तदा युद्धं प्रजा नाशं प्रयातिच५

टी०॥ अनुराधा का शनिश्चर होय और ज्येष्टा का वृस्पाति हो
य तो पश्चिम में युद्ध होय और प्रजा का नाश होय॥५॥

मूले मन्दो बुधः स्वात्यां मघायां चंद्रमायादि
संग्रहे सर्व धान्यानां लाभो भवति नान्यथा६

टी०॥ मूल का शनैश्वर होय और स्वांति पर बुध होय और म
घा पर जब चंद्रमा आवे तब सब अन्न के संग्रह करने से निश्च
य लाभ होय॥६॥

विश्वेशभे भगे मन्दः सप्तमर्क्षे यदा रविः॥
तदा जल विनाशः स्यात्प्रजानां कदनं महत्

टी०॥ उत्तरा षाढ पर अथवा पूर्वा फाल्गुनी पर शनैश्वर होय
और पुनर्वसु का सूर्य होय तो जल का नाश और प्रजा को पी
डा होय॥७॥

श्रवणर्क्षे यदा क्रूरो ग्रहः काश्चित्समाश्रितः।
अन्नं महर्घतां याति गोधूमाश्च विशेषतः८।

टी०॥ जब श्रवण पर कोई क्रूर ग्रह होय तो अन्न मंहगा होय और गेंहूं अधिक महंगा होय॥८॥

वास वर्क्षे यदा श्नोरि भूमि पुत्रेण संयुताः। नव
र्षन्ति जलं मेघाः शस्य हानिश्च जायते॥ ९॥

टी०॥ धनिष्टा का शनिश्चर और मंगल जो दोनो होंय तो वर्षा नही होय और मास तृण की हानि होय॥ ९॥

वारुणेच यदा जीवाश्चित्रायां धरणी सुतः। त
दानश्यन्ति गोधूमाः सस्यहानिर्महर्घता१०

टी०॥ शतभिषा के वृहस्पति और चित्रा के मंगल होंय तो गेंहू का नाश होय तृण की हानि और अन्न महंगा होय॥१०

भानुर्भौमो भृगुश्चैव शनि क्षेत्रे समाश्रिताः
यदा निशापति स्तत्र तदा दुर्भिक्ष तो भयम्११

टी०॥ मकर के वा कुंभ के जो सूर्य्य मंगल शुक्र ये तीनो ग्रह होंय और चंद्रमा भी इन के संग होय तो दुर्भिक्ष भय जानिये।११॥

वृषे राहुर्यदा भौमः षष्टे मासि महाभयम्
भवत्यत्र न सन्देह स्तदा दुर्भिक्ष पीडनम्१२

टी०॥ वृष के राहु और मंगल होंय तो छठे महीने में भय होय और दुर्भिक्ष से पीड़ा होय इस में सन्देह नहीं॥ १२

मिथुनर्क्षे सूर्य्यपुत्रो राहुर्वा यदिसंस्थितः
दुर्भिक्षं जायते तत्र पश्चिमायां न्रपक्षयः१३

टी०॥ मिथुन के शनिश्चर अथवा राहु होय तो दुर्भिक्ष होय पश्चिम में न्रप का क्षय होय॥ १३

रवि राहु मही पुत्राः शशि शुक्र शनैश्चराः
एक राशिं गता ह्येते तदा पृथ्वी भयाकुला।
पूर्व देशे महा पीड़ा न्रपाणां संक्षयो भवेत्

प्रजानाशो व्याधि भयं नास्मिन्कालेन संशयः १५

टी०॥ सूर्य्य राहु मंगल चंद्रमा शनिश्चर ये पांच ग्रह जो एक राशि में होंय तो पृथ्वी पर भय होय और पूर्व देश में पीड़ा और राजाओं का क्षय होय प्रजा का नाश और व्याधि से भय होय इस में सन्देह नहीं॥१५॥

सूर्य्य चन्द्रार मन्दाश्च राहु चंद्र सुता यदि॥
एक राशिं गता ह्येते दक्षिणस्यां भय प्रदः१६

टी०॥ सूर्य्य चन्द्र मंगल शनिश्चर राहु बुध ये छः ग्रह जो एक राशि पर होंय तो दक्षिण दिशा में भय होय॥१६॥

एक राशिं गता ह्येते कुजार्क शनि राहवः
शुक्रो गुरुश्च तत्रैव तदा भय विवर्द्धनाः१७
उत्तरे छत्र भङ्गस्यान्नात्र कार्या विचारणा।

टी०॥ मंगल सूर्य्य शनिश्चर राहु शुक्र बृहस्पति ये छः ग्रह जो एक राशि में होंय तो भय होय और उत्तर दिशा में छत्र भंग होय इस में कुछ सन्देह नहीं॥१७॥

रवि चंद्र कुजा जीव मन्द चंद्र सुता यदि१८
समाश्रिता ह्येक राशिं तदा पृथ्वी भयाकुला
राज्ञां नाशो व्याधि भयं प्रजानां संक्षयो भवेत्

टी०॥ सूर्य्य चन्द्र मंगल बृहस्पति शनिश्चर बुध ये छः ग्रह जो एक राशि पर होंय तो राजाओं का नाश होय व्याधि से भय अरु प्रजा का क्षय होय॥१८॥

कुजार्क जीव शुक्राश्चय दैकत्र समाश्रिताः
भयं व्याधिं प्रकुर्वन्ति सर्व धान्य महर्घताः२०

टी०॥ मंगल सूर्य बृहस्पति शुक्र ये चार ग्रह जो एक राशि पर होंय तो भय और व्याधि होय सब अन्न महंगा होय॥२०॥

कुजार्केन्दु ज्ञजी वाश्च सिंह राशिं समाश्रिता:
छत्रभंग: प्रजा नाशो भय भीताच मेदिनी २१
टी॰ मंगल सूर्य्य चंद्र बुध ब्रहस्पति ये पांच ग्रह जो सिंह राशि पर होंय तो छत्र भंग प्रजा का नाश और पृथ्वी पे भय होय॥२१॥ एक राशिं स्थिता ह्येते सौम्य शुक्रादि नाधिपा:
सर्वा धान्य महर्घत्वं मेघा: स्वल्पजलप्रदा:२२
एकनक्षत्रगा ह्येते तदा भयबिवर्द्धना:।२२॥
टी॰॥ बुध शुक्र सूर्य्य ये तीनों ग्रह जो एक राशि पर होंय-तो अन्न महंगे होंय वर्षा थोड़ी होय और जो ये तीनोंग्रह एक नक्षत्र पर होंयतो भय बढ़त होय॥२२॥
यदा जीव युतो मन्दो जीवाद्वा सप्तमेस्थित:
तदा प्रजा विनश्यन्ति भूयश्चान्न परिक्षय:२३
टी॰॥ जो ब्रहस्पति शनिश्चर एक राशि पर होंय वा ब्रहस्पति से सातवें शनि होंय तो प्रजा का नाश अन्न का क्षय होय।२३।
कर्क मीन मृग स्त्री षु शनि भौमौ यदा स्थितौ
तदा युद्धाकुला पृथ्वी धन धान्य विवर्जिता २४
टी॰॥ कर्क मीन मकर कन्या इन राशियों पर जो शनि मंगल होंय तो पृथ्वी धन और अन्न रहित होय॥२४॥
मिथुन स्त्री धनुर्मीन राशौ मन्दो यदा भवेत्
तदा भूपा विनश्यं पृथ्वी शोणित पूरिता २५
टी॰॥ मिथुन कन्या धन मीन इन राशियों पर जब शनि होय-तब राजा ओं का नाश होय और पृथ्वी रुधिर से भरै॥२५॥
रवि शुक्र सुराचार्य्या यदैकत्र समाश्रिता:
राज्य भ्रंशा: प्रजा नाशा: सर्व शस्य महर्घता २६
टी॰॥ सूर्य्य सुक ब्रहस्पति ये तीन ग्रह जब एक राशि पै आयेंत

व राज्य को बिगाड़ और प्रजा का नाश होय तृण महंगा होंय।२७

रवि भार्गव भौमाश्च राशि मेकं समाश्रिताः।
घृत तैल मसूरान्नं महर्घंति महा भयम् २७।

टी०॥ सूर्य सुक्र मंगल ये तीन ग्रह जो एक राशिपर होंय तो घी तेल मसूर ये महंगे होंय और महा भय होय॥ २७॥

सुरेज्य कवि मन्दाश्च राहु रेकत्र संस्थिताः
मेघा जलं मसुंचंति सर्व धान्य महर्घता२८

टी०॥ बृहस्पति सुक्र शनि राहु ये चार ग्रह जो एक राशिपर होंय तो वर्षा बहुत होय और अन्न महंगा होय॥ २८॥

रविज्ञ गुरु मंदाश्च राहु शुक्रा यदा स्थिताः
सुभिक्षं क्षेम मा रोग्यं तस्मिन्कालेन संशयः२९

टी०॥ सूर्य बुध बृहस्पति शनि ये चार ग्रह जो एक राशि पर होंय तो सुभिक्ष तथा कुशल होय और रोग नहीं होंय।२९

एक राशि गता ह्येते भौम भार्गव सूर्यजाः
तदा भूपा विनश्यन्ति प्रजानां संक्षयो भवेत्३०

टी०॥ मंगल सुक्र शनि ये तीन ग्रह जो एक राशि पर होंय तो राजा ओं का नाश और प्रजा का क्षय होय॥३०॥

शुक्र मंदार जीवाश्च यदैकत्र समाश्रिताः॥
मेघा जलं न मुंचान्ति दुर्भिक्षं जायते तदा३१

टी०॥ शुक्र शनि मंगल बृहस्पति ये चार ग्रह जो एक राशि पर होय तो वर्षा नहीं होय और दुर्भिक्ष पड़ै॥ ३१॥

गुरु मन्दार शुक्राश्च यदा सौम्य समान्विताः
देश भ्रंशः प्रजा नाशो वस्त्र धातु महर्घता३२

टी०॥ बृहस्पति शनि राहु शुक्र बुध ये पांच ग्रह जो एक राशि पर होंय तो देश और प्रजा का नाश होय वस्त्र और धातु ये महंगे होंय३२

दिननाथेन्दुगुरवो यदैकत्र समाश्रिताः॥ उ
त्तरस्यां दिशि भयं प्रजाः क्रन्दन्ति नित्यशः॥३३
यवान्नमुद्गवस्त्राणां संग्रहेच कृते साति।
मासे सप्तमके चैव लाभो भवति पुष्कलः॥३४

टी०॥ सूर्य चंद्र बृहस्पति ये तीन ग्रह जो एक राशि पर होंय तो उत्तर दिशा में भय होय और प्रजा में कोलाहल होय जव मूंग कपड़े इन कों खरीदे तो सातवें महीने में अच्छा लाभ होय।

रवीन्दुशुक्रेज्यशशांकपुत्रा यदैकराशौ
सहिता भवन्ति। मेघाः प्रवर्षन्ति महर्घतास्य
त्प्रजा विनाशो दिशि निर्ऋतिः स्यात्॥३५॥

टी०॥ सूर्य चंद्र शुक्र बृहस्पति बुध ये पाच ग्रह जो एक राशि पर होंय तो नैऋत दिशा में वर्षा बहुत होय और अन्न महंगा होय और प्रजा का नाश होय॥३५॥

जीवार्कशुक्रार्कसुता यदैकराशिं गता भूमि
सुतेन युक्ता भूपालपीडान्नमहर्घतास्या
त् क्रन्दन्ति लोका स्त्रभयाभितप्ताः॥३६॥

टी०॥ बृहस्पति सूर्य्य शुक्र शनि मंगल ये पांच ग्रह जो एकराशि पर होंय तो राजाओं की पीड़ा होय और शस्त्र का भय होय अन्न महंगा होय लोक में कोलाहल मचे॥३६॥

शनिराहू यदैकत्र भवेतां सहितौ यदा॥ स
र्वधान्यमहर्घत्वं राजानो भयविह्वलाः॥३७

टी० शनि राहु ये दोंनो जो एक राशि पर होंय तो सब अन्न महंगा होय और राजाओं को भय होय॥३७॥

एकराशिं गता वेतो धरापुत्राङ्गिरःसुतौ।
तदा मेघा न वर्षन्ति वर्षाकालेन संशयः॥३८

टी०॥ मंगल बृहस्पति ये दोनों जो एक राशि पर होंय तो वर्षा काल में वर्षा नहीं होय इस में सन्देह नहीं है॥ ३८॥

मही सुतो दैत्य पुरोहितो गुरुर्यदैकनक्षत्रस
माश्रिता: ग्रहा:॥ तदा सुभिक्षञ्च यवान्न सं
ग्रहे मासे चतुर्थे विपुलो हि लाभ:॥ ३९॥

टी०॥ मंगल सुक्र बृहस्पति ये तीन ग्रह जो एक नक्षत्र पर होंय तो सुभिक्ष होय और जव अर्थात् वेजर के लेने से चौथे महीने में अच्छा लाभ होय॥ ३९॥

सप्त ग्रहा यदैकस्था गोल योगस्तदा भवेत्
दुर्भिक्षं राष्ट्र पीडा च तस्मिन् योगे न संशय:॥४०

टी०॥ सात ग्रह जो एक राशि पर होंय तो गोल योग कहाता है इस योग में देश में पीड़ा तथा दुर्भिक्ष होय इसमें सन्देह नहीं॥ ४०॥

अग्रे याति दिवा नाथ: पृष्टे च भृगु नन्दन:॥ म
ध्ये सोम सुतो याति भवत्यन्न महर्घता ४१॥

टी०॥ आगे की राशि पर सूर्य होंय पिछली राशि पर शुक्र होय सूर्य शुक्र दोंनो के बीच में जो बुध होय तो अन्न महंगा होय॥ ४१॥

गच्छतो ग्रे शुक्र शनी बुध: पृष्टं समाश्रित:
धन धान्या कुला पृथ्वी प्रजा नन्दंति सर्वशः॥

टी०॥ शुक्र शनि इन दोंनो के पीछे जो बुध होय तो पृथ्वी पर धन और अन्न की वृद्धि होय और प्रजा में सुख होय॥ ४२॥

भौमस्य पृष्टतो याति भानुश्चेज्जल शोषक:
भवत्यत्र न सन्देहो विपरीतो जल प्रद:४३

टी०॥ मंगल के पीछे जो सूर्य होय तो जल को सुखावै और वर्षा नहीं होय जो मंगल के आगे सूर्य होय तो वर्षा होय॥ ४३॥

मेषे समाश्रितो भानुर्वृषे च धरणीसुतः ॥
भव व्याधि युता लोका नृपाणां विग्रहो महान् ४४

टी०॥ मेष का सूर्य और वृष का मंगल होय तो लोक में भय और रोग होय और राजा ओं में विग्रह होय॥ ४४॥

वृषराशिं यदा याताः शनि भार्गव भूमिजाः।
दुर्भिक्षं राष्ट्रभङ्गश्च लोकानां भयमादिशेत् ४५

टी०॥ शुक्र शनि मंगल ये तीन ग्रह जो वृष राशि में होंय तो दुर्भिक्ष होय देश में फ़ोड़ तोड़ मकान आदि की होय और लोक में भय होय ४५

मेषे शनैश्चरो भानु भार्गवो भूमिजस्तथा॥
दुर्भिक्षं लोक पीडाच भवेत्पृथ्वी भयाकुला ४७

टी०॥ शनि सूर्य शुक्र मंगल ये पांच ग्रह जो मेष राशि के होंय तो दुर्भिक्ष होय और लोक में पीड़ा और पृथ्वी पर भय होय॥ ४७॥

वृषे भानुः कुजः शौरिस्तदा युद्धं समादिशेत्
न वर्षन्ति जलं मेघा दुर्भिक्षं लोक पीडनम् ४८

टी०॥ सूर्य मंगल शनिश्चर ये तीनो ग्रह जो वृष राशि पर होंय तो युद्ध होय दुर्भिक्ष और लोक में पीड़ा होय॥ ४८॥

मीन राशि गते मन्दे कर्कटस्थे वृहस्पतौ॥ तुला
राशि गते भौमे तदा दुर्भिक्ष मादिशेत्॥ ४९॥

टी०॥ मीन राशि के शनि कर्क के वृहस्पति तुला के मंगल जो होंय-तो दुर्भिक्ष पड़े॥ ४९॥

शुक्रार्कि भूमिपुत्राश्च तुला राशिं समाश्रिताः
तदा युद्धम्महा घोरं राज्ञां चैव परस्परं ५०॥

टी०॥ शुक्र शनिश्चर मंगल ये तीनों ग्रह जो तुला राशि पर होंय तो राजा ओं का आपस में घोर युद्ध होय॥ ५०॥

चंद्र भार्गव धरासुता यदा मीन राशिमुपयांति

वै तदा ॥ दुर्ल्लभम्भवति सर्वं धान्यकं वारि
दश्चन जलं प्रमुञ्चति॥ ५१॥

टी०॥ चंद्र मंगल शुक्र ये तीनों ग्रह जब मीन राशि के होंय तब सब अन्न महंगा होय और वर्षा नहीं होय॥ ५१॥

गुरु शुक्र : शनि वक्रं करोतिच यदा तदा॥
नव मे मासि गोधूम तिलं तैल महर्घता ५२

टी०॥ जो वृहस्पति सहित शनि श्चर वक्री होय तो नौ ९ महीने गेंहूं तिल तेल ये महंगे होंय॥ ५२॥

गुरु शुक्रा वेक राशिं गतौ दुर्भिक्षदुःखदौ
युद्धदौ शनि माहेयौ तथा दुर्भिक्षकारकौ ५३

टी०॥ वृहस्पति शुक्र ये जब एक राशि में होय तब दुर्भिक्ष और दुःख होय और शनि श्चर मंगल ये जब एक राशि कें होंय तब युद्ध और दुर्भिक्ष को करैं॥ ५३॥

यदा शुभग्रहः कश्च दतिचारं करोतिच॥ त
दा नृपाः क्षयं यांति दुर्भिक्षं तत्र दारुणम् ५४

टी०॥ जब कोई शुभ ग्रह अति चार का होय तब राजा ओं का क्षय और दारुण दुर्भिक्ष होय॥ ५४॥

अतिचारं यदा क्रूरो ग्रहः कश्चित्करोतिच॥ त
दा नन्दन्ति राजा नो धन धान्याकुलाधरा ५५

टी०॥ जब कोई क्रूर ग्रह अति चार का होय तब राजा आदि सुखी होंय और पृथ्वी पर धन अन्न की वृद्धि होय॥ ५५॥

यदातिचार गो मन्दो वक्रीभूतोङ्गिरःसुतः
तदा नंदन्ति राजा नो धन धान्या कुला धरा ५६

टी०॥ जब शनि अति चारी होय और वृहस्पति वक्री होय तब राजा लोग सुखी होंय और पृथिवी पर धन अन्न की वृद्धि होय॥ ५६

यदा क्रूरग्रहो वक्री सुभश्चैवातिचारगः। त
दा भवति दुर्भिक्षं राज्ञां युद्धं परस्परम्॥ ५७

टी०॥ जब क्रूर ग्रह वक्री होय और सुभ ग्रह अतिचार का होयत
व दुर्भिक्ष और राजा ओं का आपस में युद्ध होंय॥ ५७॥

यस्मिन्मासे पूर्णिमायां यदा वर्षति वारिदः
गोधूम घृत धान्यानां तस्मिन्मासे महर्घता ५८

टी०॥ जिस महीने की पूर्णमासी के दिन वर्षा होय तो उस मही
ने में गेंहूं घी अन्न ये महंगे होंय॥ ५८॥

यदा मालिम्लुचे भौमो गिरा राश्यंतरे व्रजेत्।
गुरुर्वा महती वृष्टि रथवा लोकसंक्षयः ५९

टी०॥ जब मल मास में मंगल वा वृहस्पाति जो दूसरी राशि में जाय
तब वर्षा बहुत होय वा लोक का क्षय होय॥ ५९॥

कार्तिके मार्गशीर्षे च सक्रांतौ वारि वर्षणम्
तदा महर्घता पौषे सस्य वृद्धिश्च मध्यमा ६०

टी०॥ कार्तिक तथा अगहन में संक्राति के दिन जो वर्षा होय तो
पौष में अन्न महंगा होय और तृण मध्यम होंय॥ ६०॥

गुरु शुक्रार्क शशिजा यदैकत्र समाश्रिताः॥
घात योगं विजानीया त्पांसु वृष्टि स्तदा भवेत

टी०॥ वृहस्पाति शुक्र सूर्य्य ये चार ग्रह जो एक राशि के होंय तो
घात योग जानना इस में धूलि की वर्षा होय॥ ६१॥

सूर्य्याद्विधुः पञ्चम सप्तमः स्या त्क्षोणी सुतो
याति तथा रिंगेहे। दिग्दाह योगो मुनिना प्र
दिष्टः सजातउल्का पतनादि कारी॥ ६२॥

टी०॥ सूर्य से पांचवें अथवा सातवें घर चंद्रमा होय और सूर्य-
से छठें मंगल होय तो दिग्दाह योग जानना इस में अंगारे बरसें

दिग्दाह होय और अनेक उल्का पात होय ॥ ६२ ॥

उपप्लवात्सप्तमगो महीजो महीसुतात्पञ्च मगोयदा बुधः ॥ बुधाद्विधुः स्याद्यदि चतुष्टयेस्थितः स चेह भूकम्पन योगईरितः ६३

टी० ॥ राहु से सातवें मंगल होय मंगल से पांचवें बुध होय बुध से केन्द्र में जो चंद्रमा होय तो यह योग भूकंप नाम होता है ॥ ६३ ॥

मेषे वृषे कुलीरार्द्धे यदोत्पाता भवन्तिहि दक्षिणस्यांनदा युद्धं प्रजाः क्षुद्दुःख पीडिताः ६४ मिथुने चान्ननाशः स्याद्विंध्ये सिंहलके भयम् ॥ कान्यकुब्जे महापीडा कन्यकायां स्थिते रवौ ६५ नौलिन्य केच दुर्भिक्षं देशभंगोऽथ पिङ्गले। वृश्चिके च मृगे सूर्ये दुर्भिक्षं नर्मदा तटे। ६६ धनुष्यर्के विनश्यन्ति देशाकालिंजरादयः। भद्रदेशस्य नाशः स्यात्कुंभेर्केशस्य पीडनं ॥ ६७ ॥

टी० ॥ अब समय के अनुसार उत्पातों के फल कहते हैं ॥ मेष के वृष के सूर्य में तथा कर्क के अर्द्ध में सूर्य होय तब जो उत्पात होय तो दक्षिण दिशा में युद्ध होय प्रजा में दुःख और दुर्भिक्ष पड़ै तो ॥ और मिथुन के सूर्य में जो ये होय तो अन्न का नाश होय विंध्याचल के बीच और सिंहल देश में भय होय और कन्या के सूर्य में जो ये होय तो दुर्भिक्ष होय मीन के सूर्य में जो ये होंय तो देश में स्थानों की फ़ोड़ तोड़ होय और वृश्चिक मकर के सूर्य्य में जो ये होय तो नर्म्मदा नदी के तीर पर दुर्भिक्ष पडे और धन के सूर्य में जो ये होय तो कालिंजर देश आदि का नाश होय और कुंभ के सूर्य्य में जो उत्पात

होय तो भद्र देश का नाश होय और तृण थोडा होय॥ ६७॥

शुक्रस्यास्तमये वृष्टिरिज्ये चोदयमागते
सञ्चारे वनीसूनो वृष्टिर्मन्दात्रिधा मता॥ ६८

टी०॥ शुक्र के अस्त में वर्षा होय बृहस्पति के उदय मध्यम वर्षा होय मंगल शनि के संचार में उत्तम वर्षा होय इस तीन भांति से वर्षा होय।६८॥

यदा कर्कस्य संक्रांतिरथवा मकरस्य सा
भवत्यर्कार्कभौमानां वारे दुःखप्रदा मता ६९

टी०॥ आदित्य मंगल शनिश्चर इन तीन वारों में जो कर्क की अथवा मकर की संक्रांति होय तो दुःख के देनी वाली है॥ ६९॥

दिवोदितो यदागस्त्यस्तदा भयकरः स्मृतः
दुर्भिक्ष व्याधिजनको लोकानां नात्र संशयः

टी०॥ अगस्त जो दिन में उदय होय तो लोक में भयकारी है और दुर्भिक्ष को करै है इस में संशय नहीं॥६९॥

यता याति वृद्धिं सितास्यश्च पक्षस्तदा यान्ति
वृद्धिं नृपालोकसंघाः॥ समा सौख्यदा हानि
कारी तु हीना तथा कृष्ण पक्षे फलं व्यत्ययेन।

टी०॥ जब शुक्ल पक्ष में कोई तिथि वढ़ै तो राजा और प्रजा की वृद्धि होय और जो तिथि घटै न वढै तब तो सौख्यकारी हैं और जो कोई तिथि घटै तो दुःखदायक है और कृष्ण पक्ष में वढ़ै तो हानि होय और घटै तो सुख होय॥७१॥

यदा च जायते पक्षस्त्रयोदशदिनात्मकः
भवल्लोकक्षयो घोरा मुण्डमालायुता मही
इति श्री मयूरचित्रे द्वितीयोऽध्यायः॥२॥

टी०॥ जब तेरह दिन का पक्ष होय तब लोक का क्षय और पृथ्वी

पर रुंड मुंड परैं॥ इतिश्री मयूरचित्रे भाषा टीका यां द्वितीयऽ ध्याय समाप्त ह्रश्चा॥ २॥

अथ चैत्रादि मास फ़ल माह

अथान्यत्सं प्रवक्ष्यामि फलं योगसमुद्भवम्
मास वार तिथीनांच समस्त्रानप्रकाशनम्१

टी०॥ अब और प्रकार कहते हैं जिस से महीनों वारों और तिथियों से फ़ल जाना जाता है॥१॥

प्रतिपादि रविवारश्चैत्र मासे यदि स्यान्नभ
वति बहु वृष्टि दुःखिता लोक संघाःअम्र
त्ककिरण वारेज्ञास्फुजि द्वाकतीनां भवति
ननु धारित्री सस्य तोयाभि पूर्णा।२। वारः
स्यान्मन्द कुजयो स्तदा वृष्टिर्न जायते॥
सस्यानि न भरो हंति विग्रहं यान्ति भूमिपाः३

टी०॥ चैत्र के सुक्ल पक्ष में पड़वा के दिन जो इतवार होय तो वर्षा बहुत नहीं होय लोक में दुः ख होय और चंद्र बुध रहस्पति सुक्र ये जो चार वार होंय तो बहुत वर्षा होय त्रण बहुत होय और मंगल शनिश्चर ये वार जो होंय तो त्रण नहीं होय और राजाओं में विग्रह होय॥ ३॥

चैत्रस्य कृष्ण पक्षे वा पञ्चम्यां बुधवासरे
भौमो वक्र गति यांति घृत तैल महर्घता४
शाल्यन्नं चैव गोधूमा स्तदा याति महर्घता५

टी०॥ चैत्र के कृस्न पक्ष में पंचमी बुध वार के दिन जो मंगल वक्री होय तो घी तेल महंगा होय गेहूं चांवल महंगे होंय॥ ५॥

चैत्र मासस्य सुक्ला यां पंचम्यां यदि वर्षणाम्
वर्षा काले तदा मेघा न वर्षन्ति जलं बहु॥ ६॥

टी०॥ चैत्र सुदी पञ्चमी के दिन जो वर्षा होय तो वर्षा ऋतु में वर्षा होय बहुत नहीं होय॥ ६॥

गुरु शुक्रौ य दे कत्र चैत्र मासे व्यव स्थितौ॥
तैला ज्यु तिल सूत्रा णां संग्रहे च कृते सति ७
मास द्वये व्यतीते तु विक्रये लाभ मादिशेत् ८

टी०॥ चैत्र मास में एक राशि के बृह स्पति शुक्र होंय तो तेल घी सूत इन्हें खरीदे वो दो महीने पीछे वेचने में लाभ होय॥ ८॥

मधु मासे कृष्ण पक्षे तिथि वृद्धिर्यदा भवेत्
शुक्ल पक्ष स्य हानिः स्या दन्न हीना तदा मही ९

टी०॥ चैत्र मास के कृष्ण पक्ष में तिथि की वृद्धि होय और शुक्ल पक्ष में हानि होय तो पृथवी अन्न से हीन होय॥ ९॥

चैत्रे च रवि संक्रांतौ यदि वर्षति वासवः वै
शाखे मासि वा ज्येष्ठे तदा सस्य महर्घता१०

टी०॥ चैत्र मास में संक्रान्ति के दिन जो वर्षा होय तो वैशाख में अथवा ज्येष्ट मास में तरण महंगा होय॥ १०॥

चैत्र मास स्य शुक्लायां सप्तम्यां दृश्यते घनः
उद्धता वान्ति वा ता वै अथवा निर्मला दिशः ११
तदा संग्रह णं कार्य्यं गोधूमस्य वि पश्चिता।
विक्रीते श्रावणे मासे लाभश्च त्रिगुणोभवेत् १२
पञ्चम्या मपि योगो यं चिन्तनी यो विचक्षणैः
वर्षणं च त्रयो दश्यां तदा दुर्भिक्ष तो भयम् १३

टी०॥ चैत्र सुदी साते के दिन जो मेघ दीखे तो वर्षा ऋतु में मचंड पवन चले अथवा आकाश निर्मल रहै तव गेंहू के संग्रह करने से श्रावण मास में तीन गुण लाभ होय जैसे यह सप्तमी का जोग कहा ते साही पञ्चमी का जान ना और तेरस के दिन जो वर्षा होय तो दुर्भि

क्ष से भय होय ॥१३

पञ्चमी रोहिणी युक्ता सप्तमी रौद्र संयुता
नवमी पुष्य संयुक्ता स्वाति युक्ताच पूर्णिमा १४
भवत्य त्र यदा वृष्टि स्त दा मा वृष्य वर्षणम् १५

टी॰॥ चैत्र मास की पंचमी के दिन रोहिणी होय और सप्तमी के दिन आर्द्रा होय और नवमी के दिन पुष्य होय और इनहीं दिनों में वर्षा होय तो वर्षा काल में वर्षा नहीं होय ॥१५॥

चैत्रे वा श्रावणे मासि यदा पंचार वासराः॥
राजा नक्ष क्षयं यांति मंदा दुर्भिक्ष कारकाः १६
नाशं यांति प्रजाः शुक्र रवि सौम्या विनाशकाः
चन्द्राः कल्याण जनका गुरवो जल घातकः १७

॥ टी॰॥ चैत्र मास में तथा सावन में जो पांच मंगल होंय तो राजों का क्षय होय पांच शनिश्चर होंय तो दुर्भिक्ष पड़ै पांच शुक्र होंय तो प्रजा का नाश होय पांच रवि वा पांच बुध होंय तो भी नाश के हेतु हैं पांच सोंम्वार होंय तो कुशल रहै और पांच वृहस्पति जो होंय तो जल के घाती है ॥१६॥१७॥

चैत्रे मासि तृतीयां पञ्चम्यां फाल्गुणे तथा
सप्तम्यां माघमासेच माधवे प्रथमेऽहानि १८
इति श्री मयूरचित्रे चैत्र मास फल
वर्णनो नाम तृतीयोऽध्यायः ३

टी॰॥ चैत्र मास में तीज के दिन और फागुन में पंचमी के दिन माह में सप्तमी के दिन और वैशाख में पड़वा के दिन जो पवन चलै तो शुभ दायक है और वर्षा ऋतु में वर्षा होय ॥१८॥

इति श्री मयूर चित्र की भाषा टीका यां तीसराऽध्यायः

(समाप्तः)

माधवस्य सिते पक्षे पञ्चम्यां शनि वासरे॥
भरण्यादि चतुष्के षु हस्ते भौमस्य वासरे
पिप्पली नालिकेरञ्च ताम्रं कांस्यं च पूगकम्
रक्त वस्त्रञ्च सर्वाणि महर्घन्ति न संशयः।२॥

टी०॥ वैशाख सुदी पंचमी के दिन शनिश्चर वार वा मंगलवार होय भरणी कृत्तिका रोहिणी मृग शीर्ष हस्त ये नक्षत्र जो होंय तो पीपलि नारियल सुपारी रक्त वस्त्र तामा कांसी ये वस्तु सर्व महंगी होय॥२॥

वैशाखेच त्रयोदश्यां यदा भौमार्क वासरौ
कृष्णाच शर्करा नाग वल्ली दुर्लभतां भजेत्॥
तथा महर्घतां याति सैन्धवं रक्त चन्दनम्३

टी०॥ वैशाख की तेरस में इत वार वा मंगल वार जो होय तो पीपलि ताम्बूल खांड ये महंगी होंय और सेंधा नमक और रक्त चंदन ये वस्तु सव महंगी होंय॥ ३॥

वैशाखे शुक्ल पञ्चम्यां घनै राच्छादितं नभः॥
गर्ज्जनं वारि दृष्टिर्वा तदा सस्यस्य संग्रहः॥
कर्त्तव्यो भाद्र मासेतु विक्रीते लाभमादिशेत्४

टी०॥ वैशाख सुदी पंचमी के दिन आकाश में घों कारि अच्छा दिन होय और गर्जने लगे और वर्षा भी होय तो तृण का संग्रह कर के भादों में विक्रय से लाभ होय॥४॥

वैशाखे शुक्ल प्रति पद्दशमी वाभ्र संयुता॥
भवत्यत्र न सन्देहः प्रावृट्काले ह्यवर्षणम्५
इति श्री वैशाख मास फल कथनं चतुर्थोऽध्यायः

टी०॥ वैशाख सुदी पड़वा के दिन वा दशमी के दिन जो बादल होंय तो वर्षा काल में वर्षा नहीं होय॥५॥

इति वैशाख मास फल कथनं नाम चौथा अध्याय समाप्तः॥४॥

अथ ज्येष्ठ मास फलम्

ज्येष्ठ कृष्ण प्रादि पति भौमार्क बुध वासराः॥
यदा भवन्ति लोकानां तदा व्याधिभयं भवेत्१

टी०॥ ज्येष्टवदी पड़वा के दिन सूर्य्य मंगल बुध ये वार जो होय तो लोक में व्याधि से भय होय॥१॥

ज्येष्ट शुक्ल प्रातिपदि यदि स्यान्मन्द वासरः॥
छत्र भङ्गं प्रजा पीडां दुर्भिक्षंच तदा दिशेत्२

टी०॥ जेठ सुदी पड़वा के दिन जो शनि श्चर होय तो छत्र भंग होय और प्रजा में पीड़ा होय दुर्भिक्ष पड़ै॥२॥

ज्येष्टाद्ये बुधवार श्चेद्वर्षे त्वागामिके भयम्
तत्र चेन्मन्द वारः स्यात्तदा युद्धा कुला धरा३

टी०॥ जेठ सुदी पड़वा में जो बुध वार होय तो आगे के वर्ष में भय होय और शनि श्चर वार होय तो पृथ्वी पर युद्ध होय॥३॥

ज्येष्ठ मासे दर्श तिथौ रात्रौ मेघः प्रदृश्यते
दिवसे वाप्यना वृष्टि र्जायते नात्र संशयः४

टी०॥ जेठ वदी मावस के दिन में तथा रात्रि समय में जो मेघ दीखें तो वर्षा नहीं होय इस में सन्देह नहीं॥४॥

ज्येष्टस्य कृष्णप्रादि पद्युक्ता स्याद्भानुनायदि
वांति वाता स्तदो ग्रावै भौमेनव्याधिम्पादिशेत्

टी०॥ जेठ वदी पड़वा में जो रवि वार होय तो प्रचंड पवन चलै और मंगल होय तो व्याधि होय॥५॥

चन्द्रे पुनेरा दुर्भिक्षं गुरुणा सस्य सम्पदः॥६
भार्गवेण सुवृष्टिः स्याच्छशिनास्त्राकुला धरा
शानिनाच प्रजानाशश्छत्र भङ्गोह्य वर्षणम्॥

जायते नात्र सन्देहः कर्त्तव्यो दैवचिन्तकैः॥७॥

टी०॥ जेठ वदी पड़वा में जो बुध वार होय तो दुर्भिक्ष जान नाऔर वृहस्पति होय तो त्रण की संपत्ति होय शुक्र होय तो अच्छी वरषा होय और सोमवार जो होयतो अन्न वहुत होय जो शनि वार होय तो प्रजा का नाश होय और छत्र भंग होय तथा वर्षा नहीं होय॥७॥

ज्येष्ठ मासे न वक्षीणि रौद्रादीनि विलोक येत्
निरभ्रैर्जल संपत्तिः साभ्रैश्चैव मवर्षणम्॥८॥

टी०॥ जेठ के महीने में जो आर्द्रा पुनर्वसु पुष्य इन आदि नौ नक्षत्रों में जो वादल होंय तो वर्षा नहीं होय और इन में जो वादल नहीं होय तो वर्षा होय॥८॥

ज्येष्ठस्य शुक्ल सप्तम्यां श्रूयते घन गर्ज्जितम्॥
मेघच्छन्नं नभो वापि वायुर्वहति दक्षिणः॥ति
लस्य संग्रहः कार्य्यो विक्रीते कार्तिके धनम्९

टी०॥ जेठ सुदी सप्तमी के दिन जो गरजे अथवा वादल का आडंवर वना रहै और दक्षिण की पवन चले तो तव तिल का संग्रह करै तो कार्तिक में लाभ होय॥ ९॥

श्रवणर्क्षे धनिष्ठा यां यदा मेघाः प्रतिष्ठिताः॥प्रा
वृट्काले तदा वृष्टिर्मेघो वृष्टिनिरोधकः॥१०॥

टी०॥ जेठ मास में श्रवण नक्षत्र में तथा धनिष्ठा में जो वना हुआ मेघ जाता रहै तो वर्षा काल में वरषा होय और उन जो दो नक्षत्रों में वरषै तो वरषा काल में वरषा नहीं होय॥१०॥

पूर्णिमाया ममायां वा ज्येष्ठे व्योमान्वितं घनैः॥
दिवा वा यदिवा रात्रौ तदाज्ञेय मवर्षणम्११॥
इति ज्येष्ठ मास फल कथनं नाम पंचमोऽध्यायः५

टी०॥ जेठ में पूर्णमासी के दिन वा मावस के दिन रात्रि में तथा दिन में

जो वादल होय तो वर्षा नहीं होय तो ॥१॥ इति श्री मयूरचित्रे ज्येष्ट मास फल वर्णनो नाम पंचमोऽध्यायः समाप्तः॥

अथ आषाढ मास फल माह

आषाढ मासे सित पक्ष पञ्चमी रव्यादिवारेषु
यथा क्रमेण। अत्यल्प वृष्टिर्विपुलाच दृष्टि युद्ध
शुभं क्षेम सुखेच नाशः॥१॥

टी०॥ आषाढ सुदी पंचमी के दिन जो इतवार होय तो वर्षा थोड़ी होय सोम्वार होय तो वर्षा बहुत जानिये मंगल वार होय तो युद्ध होय बुधवार होय तो शुभ कहिये बृहस्पति वार होय तो कुशल रहै शुक्र होय तो सुख बढ़ै और शनिश्चर होय तो नाश होय।१

आषाढ शुक्ल पञ्चम्यां शुभवारे शुभेक्षिते॥
सम्पूर्णा निखिला धात्री धन धान्याकुला धरा२

टी०॥ आषाढ सुदी पंचमी के दिन शुभ वार होय और उस पर शुभ ग्रह की दृष्टि होय तो सर्वत्र पृथ्वी पर धन की अरु अन्न की वृद्धि हो

क्रूर ग्रह युते वारे लग्ने क्रूरेक्षिते तथा। दुर्भिक्षं
मरणं व्याधिश्चौर वाधा सतां सदा॥३॥

टी०॥ आषाढ सुदी पंचमी में क्रूर वार होय तथा क्रूर ग्रह पास होय लग्न पर क्रूर की दृष्टि होय तो दुर्भिक्ष पड़ै और मृत्यु रोग और व्याधि और सज्जनों को चोरों से भय होय॥३॥

आषाढ कृष्ण पक्षेचे दष्टम्यां रजनी पतिः। मेघ
मध्येच संयाति तदा पृथ्वी जला कुला॥४॥

टी०॥ आषाढ वदी पंचमी के दिन जो चंद्रमा बादल में दीखे तो वर्षा बहुत होय॥४॥

तस्यां मेव यदा रात्रौ। निर्मलः शशिलांछनः
दृश्यते छिद्र संयुक्त स्तदा वाच्यम वर्षणम्५

टी०॥ और उसी पंचमी में जो रात्रि के समय चंद्रमा निर्मल हो य और चंद्रमा में छिद्र दीखै तो वर्षा नहीं होय॥५॥

आषाढ्यां पूर्णिमा यांच यदा वृष्टिस्तु जायते
मास मेकं महर्घं स्यात्ततः पश्चात्सुभिक्षकृत्

टी०॥ आषाढ सुदी पूर्णमासी के दिन जो वर्षा होय तो एक महीने तक अन्न महंगा होय पीछे सुभिक्ष अर्थात् सस्ता होय॥६॥

आषाढे कृष्ण पक्षे तु निरभ्रे रवि मंडले॥ नच
वारि प्रवर्षन्ति प्रावृट्काले तदा घनाः॥७॥

टी०॥ आषाढ वदी में जो सूर्य्य मंडल निर्मल रहै अथवा बादल नहीं होय तो वर्षा काल में वर्षा नहीं होय॥७॥

आषाढे शुक्लपञ्चम्यां पश्चिमो यदि मारुतः
यदि वा दृश्यते चापमैन्द्रं स्याद्वारिवर्षणम्८
तदा संग्रहणं कार्य्यं सस्यानांलाभमिच्छता
विक्रीते कार्त्तिके मासि निश्चितं लाभमादिशेत्९

टी०॥ आषाढ सुदी पंचमी के दिन जो पश्चिम की पवन चलै अथवा इंद्र धनुष दीखै तो वर्षा होय जब तृण का संग्रह करै और कार्त्तिक में वेचै तो निश्चय लाभ होय॥९॥

आषाढे स्वाति नक्षत्रे सविद्युदुपवर्षणम्॥ त
दा स्यादन्न निष्पत्तिस्तोय पूर्णा वसुन्धरा॥१०

टी०॥ आषाढ मास में जो स्वाति नक्षत्र में विजली और वर्षा होय तो अन्न की संपति और वर्षा बहुत होय॥१०॥

उदये वाथ मध्याह्ने संध्यायां सूर्य्य मंडलम्
मेघच्छन्नन्न शुभदन्नवम्यांञ्च शुचौ सिते ११

टी०॥ आषाढ सुदी नवमी के दिन प्रभात समय और मध्याह्न परक्षा संध्या समय सूर्य के पास जो बादल होय तो शुभ नहीं है॥११॥

वह्नि वेदाष्ट नागेन्द्र विंशात्संख्या शुभास्करः॥
तिथि ष्वार्द्रा यदा याति कष्टदः शेष केशुभः१२

टी०॥ तीज चौथ अष्टमी नवमी चौदशि इन तिथियों में जो आर्द्रा पर सूर्य आवे तो कष्ट कारी है और शेष तिथियों में शुभ है॥१२॥

रवौ भौमे तथा मन्दे रौद्रभंयाति भास्करः॥त
दान शुभदः प्रोक्तः शुभदः शेष वासरे॥१३॥

टी० ॥ इत वार मंगल शनिश्चर इन वारों में जो आर्द्रा पर सूर्य्य आवै तो शुभ नहीं और वारों में शुभ है॥१३॥

यमाग्नी शार्द्रे मूले न्द्र पितृवारि भवे रविः॥या
त्या र्द्राभ शुभः प्रोक्तः शेषर्क्षे शुभदः स्मृतः१४

टी०॥ भरणी कृत्ति का आर्द्रा मूल ज्येष्टा श्लेषा मघा इन नक्षत्रों में जो आर्द्रा पर सूर्य्य आवे तो शुभ नहीं और नक्षत्रों में आवे तो शुभ है।१४॥ मूले गण्डे व्यतीपाते व्याघाते परिघे शिवे॥वै
धृतौ चाति गण्डेच आर्द्रा यात्य शुभो रविः१५

टी०॥ मूल गंड व्यतीपाते व्याघात परिघ शिव वैधृति अति गंड इनयोगों में जो आर्द्रा पर सूर्य आवे तो अशुभ है और में आवे तो शुभ है।१५॥

आर्द्रा प्रवेशे वृष्टिश्चे त्सार्द्धमा सम वर्षणम्१६

टी० ॥ आर्द्रा पर सूर्य्य के आते ही जो वर्षा होय तो डेढ महीने तक वर्षा नहीं होय॥१६॥

दिवार्द्रां याति चेद्भानु र्जल भक्षण कारकः॥
जग त्क्षेम करो रात्रौ वृद्ध सस्य जलप्रदः१७॥

टी०॥ दिन में जो आर्द्रा पर सूर्य आवे तो जल को शोसे है और रात्रि के समय आवै तो वर्षा होय तृण उपजे॥१७॥

आषाढ मासे खलु कृष्ण पक्षे प्रवेश नक्षत्र मुपा
गते विधौ । शुभा शुभं सर्व्व फलम्विचिन्त्य मुनि

प्रणीतं ग्रहचिन्तकेन ॥१८॥

टी०॥ आषाढ वदी में जब चंद्रमा रोहिणी पर आजावे तब वर्षा में शुभ अशुभ का विचार ज्योतिषी करै ॥१८॥

सन्ध्यायाम्पुरतो विशेच्च नगरे कृष्णः पशुर्वान्नदः
पूर्णं वृद्धि करो सिताच्च सुरभिः सौख्यप्रदा प्राणि
नांश्वेता दृष्टि विघातिनीच कपिला वातप्रदा पा
टलासस्य ध्वंसकरी तथैव शवली मध्या फले कीर्तिता

टी०॥ संध्या समय वन में से आये जो पशु है उन में से जो काला रंग का पशु आगे हो कर नगर में प्रवेश करै तो अन्नादिक की वृद्धि होय और काली गौ जो पहले प्रवेश करै तो सुख होय श्वेत गौ जो प्रवेश करै तो वृष्टि को रोकै है कपिला गौ जो प्रवेश करै तो पवन चलै और लाल धोले दो रंग की गौ जो प्रवेश करै तो तृण का नाश होय श्रौ रचित कबरी गौ जो प्रवेश करै तो मध्यम फल जानना ॥१९॥

रोहिण्यर्क्षे यदाषाढे विद्युद्धारि प्रवर्षणम् ॥
रेचितंच घनैर्व्योम तदा सर्व्वं शुभम्भवेत् ।२०

टी०॥ आषाढ मास में रोहिणी नक्षत्र के दिन जो बिजली चमकै और वर्षा होय अथवा आकाश मे घों कारि रहित होय तो सब ऋतुओं में शुभ होय ॥२०॥

न नच्च वारि पतनञ्च पूर्व्वोत्तरानिलौ ॥ तदा का
लोति घोरः स्यात्प्राणिनान्नात्र संशयः २१॥

टी०॥ जो रोहिणी नक्षत्र के दिन वर्षा नहीं होय और पूर्व अथवा उत्तर की पवन भी चलै तो ऋतु अच्छी नहीं होय किन्तु जीवों को भय देने वाली होय इस में सन्देह नहीं ॥२१॥

प्राजापत्यर्क्षगे चन्द्रे पूर्व्वोह्हे वाति मारुतः ।
शुभदाः शुभमादेश्यं वृष्टिः श्रावणभाद्रयोः

टी०॥ आषाढ़ में सोम्वार संयुक्त रोहिणी नक्षत्र में दश घड़ी-दिन चढ़े के भीतर जो पवन चलै तो शुभ दायक है और सावन भादों में वर्षा भी होय॥२२॥

अन्हस्तु पश्चिमे भागे पाश्चिमौ द्वौ प्रवर्षतः
मध्यान्हे वाति वायुश्चेन्मध्यौ मासौ जलप्रदौ२३

टी०॥ और जो रोहिनी नक्षत्र के दिन दोंनो पिछले पहरों में वर्षा होय और दुपहर के समय पवन चलै तो श्रावण भादों में वर्षा होय।२३

समस्तं दिवसं वाति यदा वायुः शुभप्रदः॥
श्रावणादिषु मासेषु तदा सम्पत्तिरुत्तमा२४

टी०॥ उसी दिन जो सारे दिन पवन चलै तौ भी शुभ है और सावन भादों आदि महीनों में उत्तम सम्पत्ति होय॥२४॥

वाति चेदशुभो वायुर्व्यत्यासेन फलम्वदेत्
तत्र यो वलवान्वायुस्तस्माद्वेद्यं शुभाशुभम्२५

टी०॥ और जो उस दिवस अशुभ पवन चलै तो पहिले कहे हुऐ शुभ फल विपरीत जानना चाहिये और जो दिवस अनेक प्रकार की पवन चलै तो जो जैसे वलवान पवन होय उसी के अनुसार फ़ल कहना२५

प्रजेशा नक्षत्र गते कलाविधौ शुभास्तु वाता ग
गनञ्च निर्म्मलम्। मृगाः खगाः शान्तदिगा
ननायदानन्दन्तिलोकाः सुखिनस्तदा च२६

टी०॥ रोहिनी नक्षत्र सोम्वार में जो शुभ पवन चलै तो और आकाश निर्मल रहै और पशु पक्षी शांत दिशा की ओर मुख को करें तौ लोक में आनन्द तथा अन्नादिक की समृद्धि होय॥ २६॥

श्वेतुप्रेतप्रवादिकालानुरूपाश्छिन्नाभिन्नावा
